55.कौन सा राज्य डिफेंस एक्सपो इंडिया- 2020 की मेजबानी करेगा?

A. दिल्ली
B. मध्य प्रदेश
C. पंजाब
D. उत्तर प्रदेश

Answer ||| D

Solution |||

● डिफेंस एक्सपो इंडिया- 2020 (DefExpo India-2020) का 11 वां संस्करण पहली बार उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित होगा। द्विवार्षिक प्रदर्शनी एक 4-दिवसीय कार्यक्रम होगा, जो 5 से 8 फरवरी 2020 तक चलेगा।

● यह भारतीय रक्षा उद्योग को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और अपनी निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

● डिफेंस एक्सपो इंडिया- 2020 का विषय 'इंडिया: द इमर्जिंग डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब' होगा। यह रक्षा क्षेत्र के डिजिटल रूपांतरण पर केंद्रित होगा।

● यह रक्षा उद्योग के ओरिजनल इक्युपमेंट मैन्युफैक्चर्स (OEM), प्रदर्शकों और निजी उद्योग क्षेत्र को संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम नवाचारों और क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा।

56.निम्न में से किस मंत्रालय ने संपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए ई-धरती ऐप लॉन्च किया है?

A. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
B. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
C. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
D. केंद्रीय आवास एवं शहरी मामला मंत्रालय

Answer ||| D

Solution |||

● केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप पुरी ने अंगुलियों पर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में जनता की मदद करने और संपत्तियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सरकार की सहायता हेतु ई-धरती ऐप और ई-धरती जियो पोर्टल लॉन्च किया।

● ई-धरती ऐप के तहत, संपत्तियों से संबंधित सभी तीन मॉड्यूल- रूपांतरण, प्रतिस्थापन और दाखिलखारिज ऑनलाइन किए गए हैं।

● ई-धरती जियो पोर्टल संपत्ति के पट्टेदार को संपत्ति के स्थान वाले नक्शे के साथ संपत्ति का मूल विवरण दिखाएगा।

● ई-धरती जियो पोर्टल सरकार को उसकी रिक्त संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का पता लगाने, कि संपत्ति पर कोई अतिक्रमण तो नहीं है, में सहायता प्रदान करेगा।

57.नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) मिशन ने हाल ही में किस सुपर अर्थ ग्रह की खोज की है?

A. Gliese 876
B. Gliese 581
C. MOA-2007-BLG-192Lb
D. GJ 357 d

Answer ||| D

Solution |||

● नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) मिशन ने हमारे सौर मंडल से 31 प्रकाश वर्ष दूर स्थित सुपर-अर्थ ग्रह GJ 357 d की खोज की है।

● शोधकर्ताओं का दावा है कि यह पहला निकटवर्ती "सुपर-अर्थ" ग्रह है जिस पर जीवन संभव है क्योंकि यह अपने तारे के 'निवास योग्य क्षेत्र या गोल्डीलॉक्स जोन' के अंदर परिक्रमा करता है।

● यह नासा के TESS द्वारा वर्ष 2019 की शुरुआत में खोजा गया सुपर-अर्थ ग्रह है। यह GJ 357 ग्रह प्रणाली में स्थित है जिसमें M-प्रकार का छोटा बौना सूरज है।

● ग्रह की मौजूदगी की पुष्टि करने वाले आंकड़ों को वर्ष 1998 में GJ 357 b (एक गर्म पृथ्वी) की TESS की खोज की पुष्टि करते हुए मूल पर्यवेक्षण में उजागर किया गया था, यह मूल तारे के निकट परिक्रमा करता है।

58.भारत ने किस देश के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'वरुण 2019' आयोजित किया?

A. फ्रांस
B. रूस
C. चीन
D. संयुक्त राज्य अमेरिका

Answer ||| A

Solution |||

● द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण' 2019 के 17वें संस्करण का पहला भाग, भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच 1 से 10 मई 2019 तक गोवा तट पर आयोजित किया गया था।

● संयुक्त अभ्यास के पीछे का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता विकसित करना और एक दूसरे के अभ्यासों से सीखकर आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है।

● यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 'भारत-फ्रांस सहयोग के संयुक्त रणनीतिक विजन' के अनुरूप है, जो वर्ष 2018 में भारत की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हस्ताक्षर किया गया था।

59.भारत का पहला 3-D ट्रैफिक सिग्नल किस शहर में शुरू किया गया?

A. नई दिल्ली
B. बैंगलोर
C. मुंबई
D. मोहाली

Answer ||| D

Solution |||

● पंजाब में मोहाली ट्रैफिक पुलिस ने भारत का पहला वायरलेस 3-D स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम इंटेलाइट्स (INTELIGHTS) शुरू किया है।

● यह वायरलेस सेंसर सिस्टम का उपयोग करके स्मार्ट नजरों वाले ट्रैफिक सिग्नल को नियंत्रित करने के लिए एक इंटेलीजेंट ट्रैफिक टाइमर कंट्रोल प्रदान करता है।

● यातायात भीड़ के प्रमुख कारणों में से एक चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल टाइमर का पूरी तरह से कार्य न करना है।

● यह किसी चौराहे पर यातायात सघनता के अनुसार लाल, पीली और हरी बत्तियों के टाइमर को समायोजित करने के लिए डायनेमिक सिग्नल कंट्रोल तकनीक का उपयोग करता है।

60.संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हाल ही में किस देश को "करन्सी मैनिप्युलेटर" की सूची में डाला है?

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. चीन
C. भारत
D. रूस

Answer ||| B

Solution |||

● चीन के सेंट्रल बैंक द्वारा युआन (चीनी मुद्रा) का चलन मूल्य डॉलर के मुकाबले कम करने की अनुमति देने के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीन को "करन्सी मैनिप्युलेटर" (चलन के मूल्य में जानबूझ कर गड़बड़ी करने वाला देश) का दर्जा दिया है।

● अमेरिका द्वारा चीन को 'करन्सी मैनिप्युलेटर' का दर्जा देने की यह हालिया कार्यवाही तब हुई जब चीन ने अपनी मुद्रा युआन को एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार प्रति डॉलर सात के स्तर से कम किया।

● सेंट्रल बैंक ऑफ चाइना के अनुसार मुद्रा में अवमूल्यन एकतरफा और व्यापार-संरक्षणवादी उपायों और चीन के खिलाफ शुल्कों की अपेक्षाओं के प्रभाव के कारण था।

61.ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2019 में भारत का कौन सा स्थान है?

A. 35वां
B. 42वां
C. 52वां

D. 58वां

Answer ||| C

Solution |||

● वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन (WIPO) ने नई दिल्ली में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) 2019 की रिपोर्ट जारी की।

● स्विट्जरलैंड सूचकांक में पुन: शीर्ष स्थान पर रहा, जबकि इजराइल ने शीर्ष दस की सूची में जगह बनाई। भारत इस वर्ष ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में पांच पायदान चढ़कर पिछले वर्ष के 57वें स्थान से 52वें स्थान पर पहुंच गया।

● भारत ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों जैसे उत्पादन वृद्धि और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं के निर्यात में अच्छा प्रदर्शन किया। इस वर्ष, भारत ने वैश्विक कंपनियों के अनुसंधान एवं विकास खर्च में 15वां स्थान हासिल किया।

● मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाएं (विशेष रूप से एशिया में) WIPO के इंटरनेशनल पेटेंट सिस्टम के माध्यम से वैश्विक अनुसंधान एवं विकास और इंटरनेशनल पेटेंटिंग दरों में उत्तरोत्तर योगदान दे रही हैं।

62.जालंधर में आयोजित 106वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय क्या था?

A. फ्यूचर इंडिया-साइंस एंड टेक्नोलॉजी (Future India-Science and Technology)
B. इंडिया टुवार्ड्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (India Towards Artificial Intelligence)
C. इंडिया एंड फ्यूचर टेक्नोलॉजी (India and Future Technology)
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution |||

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर में एक वार्षिक समागम भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 106वें संस्करण का उद्घाटन किया, जो देश के शीर्ष वैज्ञानिकों के विचार-विमर्श की साक्षी है।

● ISC-2019 का विषय 'फ्यूचर इंडिया-साइंस एंड टेक्नोलॉजी' था और इसे 3 से 7 जनवरी तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (PLU), जालंधर द्वारा आयोजित किया गया था।

63.2019 G-20 शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था?

A. बीजिंग
B. ओसाका
C. पेरिस
D. सिडनी

Answer ||| B

Solution |||

● G-20 राष्ट्र समूह (G20) शिखर सम्मेलन जापान के ओसाका में सम्पन्न हुआ। शिखर सम्मेलन 28-29 जून, 2019 को आयोजित किया गया था।

● शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को बढ़ाना है। चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच जारी व्यापार संघर्ष सम्मेलन के एजेंडे में शीर्ष पर रहा।

● G20 एक अंतर्राष्ट्रीय नेताओं का मंच है जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। यह समूह दुनिया के 80% से अधिक आर्थिक उत्पादन और दुनिया के दो तिहाई लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।

● शिखर सम्मेलन के मुख्य विषय वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं निवेश, नवाचार, पर्यावरण एवं ऊर्जा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, विकास, स्वास्थ्य थे।

64.संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

A. मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा
B. तिजानी मुहम्मद-बंदे
C. मिरोस्लाव लाजकैक
D. पीटर थॉमसन

Answer ||| B

Solution |||

● संयुक्त राष्ट्र में नाइजीरिया के राजदूत तिजानी मुहम्मद-बंदे को महासभा के अगले अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

● वे संयुक्त राष्ट्र में नाइजीरिया के स्थायी प्रतिनिधि थे और उन्होंने सितंबर 2016 में महासभा के 71वें सत्र में उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

● 4 जून, 2019 को उन्हें महासभा के आगामी 74वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है, वह मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल सितंबर, 2019 में समाप्त हो रहा है।

● बंदे ने वर्ष 2000 से 2004 तक मोरक्को के टैनजियर में अफ्रीकन ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर इन एडमिनिस्ट्रेशन फॉर डेवलपमेंट के महानिदेशक के रूप में कार्य किया।

65.'लेसन्स लाइफ टॉट मी अननोविंगली(**Lessons Life Taught Me Unknowingly)**' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

A. मीनाक्षी लेखी
B. एम. वेंकैया नायडू
C. मलाला यूसुफजई
D. अनुपम खेर

Answer ||| D

Solution |||

● अनुपम खेर ने 'लेसन्स लाइफ टॉट मी अननोविंगली' (Lessons Life Taught Me Unknowingly) पुस्तक की रचना की।

● भारतीय फिल्म उद्योग के प्रतिभा संपन्न अभिनेताओं में से एक अनुपम खेर ने भारत और विदेश दोनों में 100 से अधिक फिल्में, 100 नाटक और कई टी.वी शो किए हैं।

66.निम्नलिखित अभिकथन (A) और तर्क (R) कथनों पर विचार करें:

अभिकथन (A): भारत सरकार अधिनियम 1858 के प्रभाव द्वारा, भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की शक्तियों का अंत हो गया और ब्रिटिश क्राउन ने सत्ता संभाली।

तर्क (R): ईस्ट इंडिया कंपनी भारत के प्रशासन में अधिक इच्छुक नहीं थी।

निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही विकल्प चुनें:

A. A और R दोनों सत्य हैं, R, A की सही व्याख्या है
B. A और R दोनों सत्य हैं, R, A की सही व्याख्या नहीं है
C. A सत्य है, R असत्य है
D. R सत्य है, A असत्य है

Answer ||| C

Solution ||| भारत सरकार अधिनियम 1858 में सिपाही विद्रोह के बाद पारित किया गया था जिसमें ब्रिटिश क्राउन ने ईस्ट इंडिया कंपनी को प्रशासनिक निकाय के रूप में प्रतिस्थापित करके भारत में पूर्ण अधिकार कर लिया था। यह ब्रिटेन की सरकार द्वारा किया गया था ताकि इसके उपनिवेश पर प्रत्यक्ष नियंत्रण किया जा सके। भारत में तथाकथित "अच्छी सरकार" लाने के लिए समय के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी को निष्कासित कर दिया गया था। इस अधिनियम को भारत में **गुड गवर्नमेंट एक्ट** के रूप में जाना जाता था। इसलिए, विकल्प C सही उत्तर है।

67.राज्यपाल की निम्नलिखित में से कौन सी शक्तियां राष्ट्रपति के समतुल्य नहीं है?

A. निम्न सदन में मनोनीत सदस्य की शक्ति
B. केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में कार्य करने की शक्ति
C. क्षमदान की समान शक्ति
D. व्यापार के सुविधाजनक लेनदेन के लिए नियम बनाने की शक्ति

Answer ||| C

Solution ||| अनुच्छेद 72 के अंतर्गत राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति का दायरा अनुच्छेद 161 के अंतर्गत राज्यपाल की क्षमादान शक्ति से अधिक है। शक्ति निम्नलिखित दो प्रकार से भिन्न है:

क्षमादान देने के लिए कोर्ट मार्शल के रूप में सजा के मामलों में राष्ट्रपति की शक्ति अधिक है लेकिन अनुच्छेद 161 राज्यपाल को ऐसी कोई शक्ति नहीं प्रदान करता है।

राष्ट्रपति उन सभी मामलों में क्षमादान दे सकता है जहां दी गई सजा प्राणदंड हो लेकिन राज्यपाल की क्षमादान शक्ति मृत्युदंड के मामलों तक विस्तारित नहीं है।

68.निम्नलिखित में से किसने भारत के राष्ट्रपति और भारत के उप-राष्ट्रपति दोनों पदों पर कार्य किया है?

1) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

2) वी.वी. गिरि

3) डॉ. जाकिर हुसैन

4) के.आर. नारायणन

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution ||| विकल्प (D) सही उत्तर है। उपरोक्त सभी व्यक्तियों ने भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों पदों पर कार्य किया है।

डॉ. शंकर दयाल शर्मा- उप-राष्ट्रपति (1987) और राष्ट्रपति (1992)

वी.वी. गिरि - उप-राष्ट्रपति (1967) और राष्ट्रपति (1969)

डॉ. ज़ाकिर हुसैन- उप-राष्ट्रपति (1962) और राष्ट्रपति (1967)

के.आर. नारायणन- उप-राष्ट्रपति (1992) और राष्ट्रपति (1997)

69.सर्वोच्च न्यायालय के निम्नलिखित में से किस मामले में निजता का अधिकार मौलिक अधिकार माना गया?

A. इंदिरा शॉनी मामला
B. केशवानंद भारती मामला
C. पुट्टस्वामी मामला
D. नाज़ फाउंडेशन मामला

Answer ||| C

Solution ||| भारत के सर्वोच्च न्यायालय के नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से कहा कि निजता का अधिकार भारत में एक संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकार है, इसके अलावा भारतीय संविधान द्वारा प्रत्याभूत अन्य स्वतंत्रता के लिए प्रासंगिक है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश **पुट्टस्वामी** द्वारा लाए गए इस मामले ने एक समान बायोमेट्रिक्स-आधारित पहचान पत्र वाली सरकार की प्रस्तावित योजना को चुनौती दी, जो सरकारी सेवाएं और लाभ हासिल करने के लिए अनिवार्य होगी। सरकार ने तर्क दिया कि संविधान ने निजता के अधिकार के लिए विशिष्ट सुरक्षा प्रदान नहीं की। न्यायालय ने तर्क दिया कि निजता **अनुच्छेद 21** के तहत आश्वस्त मौलिक आजादी के लिए प्रासंगिक है जिसके अनुसार: "कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुरूप को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं होगा"।

70.निम्नलिखित सूची I और सूची II का मिलान करें:

सूची I (निकाय)

1) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो

2) वित्त आयोग

3) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

4) नीति आयोग

सूची II (दर्जा)

a. संवैधानिक निकाय

b. अवैधानिक निकाय

c. अधिशासी निकाय

d. वैधानिक निकाय

A. 1-b 2-a 3-d 4-c
B. 1-a 2-c 3-d 4-b
C. 1-C 2-b 3-a 4-d
D. 1-d 2-c 3-a 4-b

Answer ||| A

Solution ||| विकल्प (A) सही मिलान है।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एक अवैधानिक निकाय है और केंद्र सरकार की एजेंसी है। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है। मानवाधिकार आयोग एक वैधानिक आयोग है जिसकी स्थापना मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 द्वारा की गई है। नीति आयोग केंद्र सरकार द्वारा स्थापित एक अधिशासी निकाय है।

71.भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य सरकार को पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना करने का निर्देश देता है?

A. अनुच्छेद 40
B. अनुच्छेद 41
C. अनुच्छेद 42
D. अनुच्छेद 44

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय संविधान का अनुच्छेद 40 ग्राम पंचायतों की स्थापना के बारे में बताता है। इसमें कहा गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करेंगे और उन्हें ऐसी शक्तियां और अधिकार प्रदान करेंगे जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हों। इसलिए, (A) सही उत्तर है। **अनुच्छेद 41** कुछ मामलों में कार्य शिक्षा, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार से संबंधित है। **अनुच्छेद 42** कार्य के लिए न्यायसंगत और मानवीय परिस्थिति प्रदान करने से संबंधित है। **अनुच्छेद 44** समान नागरिक संहिता से संबंधित है।

72.निम्नलिखित में से किस स्थान पर, भारत का पहला नगर निगम स्थापित किया गया था?

A. बॉम्बे
B. सतारा
C. कलकत्ता
D. मद्रास

Answer ||| D

Solution ||| चेन्नई नगर निगम (मद्रास) भारत का पहला नगर निगम था। इसकी स्थापना 29 सितंबर, 1688 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा की गई थी।

73.निम्नलिखित में से कौन सा राज्य विधान परिषद के बारे में **गलत** है?

A. प्रधानमंत्री के आदेश पर विधान परिषद भंग की जा सकती है
B. राज्य विधान सभा द्वारा पारित प्रस्ताव पर संसद द्वारा विधान परिषद का गठन किया जा सकता है।
C. उत्तर प्रदेश में द्विसदनीय विधानमंडल है।
D. उपरोक्त सभी सही हैं।

Answer ||| A

Solution ||| विधान परिषद को संबंधित विधान सभा की सिफारिश पर संसद द्वारा भंग किया जा सकता है। इसलिए कथन (A) गलत है। इसका गठन उसी प्रकार से किया जाता है। इसलिए विकल्प (B) सही है। उत्तर प्रदेश के साथ-साथ बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र राज्यों में द्विसदनीय विधानमंडल है। जम्मू और कश्मीर में भी द्विसदनीय विधानमंडल है।

74.संसद का कौन सा सदन भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग की कार्यवाही शुरू कर सकता है?

A. केवल लोकसभा
B. केवल राज्य सभा
C. A एवं B दोनों
D. उनमें से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| अनुच्छेद 61 राष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया से संबंधित है। जब किसी राष्ट्रपति पर संविधान के उल्लंघन के लिए महाभियोग लगाया जाता है, तो संसद के किसी भी सदन द्वारा इस आरोप को अधिमान्य किया जाएगी। इसका अर्थ है कि कोई भी सदन कार्यवाही शुरू कर सकता है। इसलिए, विकल्प (C) सही उत्तर है।

75.कौन सा अनुच्छेद भारतीय संघ में नए राज्यों का गठन और उन्हें अंगीकृत करने के लिए केंद्रीय संसद को अधिकार प्रदान करता है?

A. अनुच्छेद 1
B. अनुच्छेद 2
C. अनुच्छेद 5
D. अनुच्छेद 7

Answer ||| B

Solution ||| अनुच्छेद 2 में कहा गया है कि संसद कानून द्वारा, नए राज्यों को भारत में अंगीकृत कर सकती है या नियम और शर्तों के अनुकूल नए राज्यों की स्थापना कर सकती है। यह साधारण बहुमत का उपयोग करके किया जा सकता है। अनुच्छेद 2, 3 या 4 को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल भारतीय क्षेत्र के किसी भी भाग के सत्र के मामले में संशोधन की आवश्यकता है।

76.निम्नलिखित में से कौन से नीति निदेशक तत्व गांधीवादी विचारधारा से लिए गए हैं?

A. नि:शुल्क कानूनी सहायता और सलाह का प्रावधान
B. गौ हत्या निषेध
C. समान वेतन और समान कार्य
D. स्मारकों और विरासत स्थलों का संरक्षण

Answer ||| B

Solution ||| **अनुच्छेद 48** के अनुसार, राज्य कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज पर संगठित करने का प्रयास करेगा और विशेष रूप से, नस्लों के संरक्षण और सुधार की दिशा में कदम उठाएगा, और गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू एवं भारवाही मवेशियों के वध को प्रतिबंधित करेगा।

यह गांधीवादी सिद्धांतों में शामिल है। इसलिए, B सही उत्तर है। **विकल्प A और C** को समाजवादी सिद्धांतों (**अनुच्छेद 39 और 39 A**) में शामिल किया गया है। **विकल्प D** उदारवादी सिद्धांतों (अनुच्छेद 49) में शामिल है।

77.निम्नलिखित का मिलान करें

समिति

1) संघ शक्ति समिति

2) प्रांतीय संविधान समिति

3) प्रारूप समिति

4) प्रक्रिया नियमों की समिति

अध्यक्ष

a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
b) जवाहरलाल नेहरू

c) बी.आर. अंबेडकर

d) सरदार पटेल

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

A. 1-c 2-d 3-b 4-a
B. 1-d 2-a 3-c 4-b
C. 1-b 2-c 3-a 4-d
D. 1-b 2-d 3-c 4-a

Answer ||| D

Solution ||| सही मिलान विकल्प D है।

समितियों और उनके अध्यक्ष की सूची निम्नलिखित है:

प्रमुख समितियां	अध्यक्ष
मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति	वल्लभभाई पटेल
संविधान सभा के कार्यों पर समिति	जी.वी. मावलंकर
अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय और बहिष्कृत क्षेत्रों पर समिति	वल्लभभाई पटेल
प्रक्रिया नियमों पर समिति	राजेंद्र प्रसाद
प्रांतीय संविधान समिति	वल्लभभाई पटेल
मसौदा समिति	बी.आर. अंबेडकर
वित्त एवं कर्मचारी समिति	राजेंद्र प्रसाद
मौलिक अधिकार उप-समिति	जे.बी. कृपलानी
अल्पसंख्यक उप-समिति	एच.सी. मुखर्जी
राज्य समिति	जवाहरलाल नेहरू
संचालन समिति	राजेंद्र प्रसाद
केंद्रीय संविधान समिति	जवाहरलाल नेहरू
संघ शक्ति समिति	जवाहरलाल नेहरू

78.भारतीय संविधान के अधिकांश प्रावधान निम्नलिखित में से किस भारत सरकार अधिनियम से लिए गए हैं?

A. भारत सरकार अधिनियम 1909
B. भारत सरकार अधिनियम 1919
C. भारत सरकार अधिनियम 1935
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| हमारे संविधान के सबसे बड़े स्रोतों में से एक **भारत सरकार अधिनियम 1935** था। भारत सरकार अधिनियम 1935, सबसे विस्तृत और जटिल कानून में से एक है जिसमें 321 अनुच्छेद और 10 अनुसूचियां हैं, यह ब्रिटिश संसद द्वारा पारित अब तक का सबसे लंबा अधिनियम था। भारत सरकार अधिनियम 1935 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार थीं:

1) प्रांतीय द्वैध शासन का उन्मूलन और केंद्र में द्वैध शासन की शुरुआत।

2) भारतीय परिषद का उन्मूलन और उसके स्थान पर एक सलाहकार संस्था की शुरूआत।

3) ब्रिटिश भारत के प्रदेशों और रियासतों के साथ एक अखिल भारतीय महासंघ का प्रावधान।

4) अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा और रक्षात्मक साधनों का विस्तार करना।

5) ब्रिटिश संसद की प्रधानता।

6) विधानमंडलों के आकार में वृद्धि, मताधिकार का विस्तार, विषयों का तीन सूचियों में विभाजन और सांप्रदायिक निर्वाचक मंडल का प्रतिधारण।

7) भारत से बर्मा का विभाजन

भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने अधिनियम की विवेचना करने और संघीय मामलों से संबंधित विवादों पर निर्णय लेने के लिए **संघीय न्यायालय** की स्थापना का प्रावधान दिया। यह अधिनियम हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों, यूरोपियों, आंग्ल भारतीयों, भारतीय ईसाईयों आदि के लिए अलग **निर्वाचक मंडल** प्रदान करके भारत को विघटित करने का एक साधन बना। यह अत्यंत विरोधित था और नेहरू ने इसे **"अनेक ब्रेकों वाली परन्तु इंजन रहित मशीन"** कहा।

79.हाल ही में सरकार ने RBI के इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क (ECF) की समीक्षा करने के लिए एक समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष हैं-

A. सुभाष गर्ग
B. इंजेती श्रीनिवासन
C. रंगराजन
D. बिमल जालान

Answer ||| D

Solution |||

वित्त मंत्रालय द्वारा RBI को वैश्विक सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का पालन करने और सरकार को अधिक अधिशेष हस्तांतरित करने की आवश्यकता के चलते RBI के पूर्व गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति को रिजर्व बैंक के इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क (ECF) की समीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया था।

80.BOLD-QIT परियोजना निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास
B. सीमा सुरक्षा प्रबंधन
C. द्विपक्षीय व्यापार संधि
D. रक्षा हथियार प्रणाली

Answer ||| B

Solution |||

BOLD-QIT (बॉर्डर इलेक्ट्रॉनिकली डोमिनेटेड क्यूआरटी इंटरसेप्शन टेकनीक) परियोजना असम के धुबरी जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर CIBMS (काम्प्रीहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत है। BSF ने परियोजना का दायित्व लिया और इसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया।

81.निम्नलिखित में से कौन सा कश्मीर में हिंदुओं के लिए धार्मिक स्थल नहीं है?

A. मार्तंड सूर्य मंदिर
B. अमरनाथ मंदिर
C. कामाख्या मंदिर
D. शारदा पीठ मंदिर

Answer ||| C

Solution |||

कश्मीरी पंडितों के लिए तीन प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अनंतनाग में मार्तंड सूर्य मंदिर, अमरनाथ मंदिर तथा एक प्राचीन हिंदू मंदिर एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में धार्मिक स्थल शारदा पीठ है। 237 ईसा पूर्व में सम्राट अशोक के शासनकाल में स्थापित यह मंदिर 5,000 वर्ष पुराना है। शारदा पीठ एक परित्यक्त मंदिर और हिंदु समाज में ज्ञान की देवी को समर्पित प्राचीन शिक्षा केंद्र है। यहां पर एक गलियारा स्थापित करने का प्रस्ताव है जो भारत के हिंदू तीर्थयात्रियों को शारदा पीठ की यात्रा करने की अनुमति देगा।

82.हाल ही में सरकार ने कुछ उत्पादों को GI टैग प्रदान किया। उन उत्पादों में से, निम्नलिखित में से कौन सा उत्पाद उनके राज्य के साथ सुमेलित नहीं है?

A. पंचमीर्थम प्रसादम- तमिलनाडु
B. कंधमालहल्दी- ओडिशा
C. रसगोला- ओडिशा
D. सिरसी सुपारी- आंध्र प्रदेश

Answer ||| D

Solution |||

तमिलनाडु के पलानी के पंचतमीर्थम प्रसादम को GI टैग दिया गया है।

दक्षिणी ओडिशा से हल्दी की एक किस्म कंधमालहल्दी को GI टैग मिला है।

कर्नाटक की सिरसी सुपारी को GI टैग मिला है।

रसगुल्ला- ओडिशा

83.विकासशील देशों की डब्ल्यूटीओ मंत्री स्तरीय बैठक मई महीने में किस देश में आयोजित की गई थी?

A. बांग्लादेश
B. भारत
C. कजाकिस्तान
D. दक्षिण अफ्रीका

Answer ||| B

Solution |||

विकासशील देशों का WTO मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 13-14 मई, 2019 को नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित किया गया थी। 16 विकासशील देश, 6 अल्प विकसित देश और DG, WTO ने इसमें भाग लिया। WTO का 12वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन जून, 2020 में कजाकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।

84.हाल ही में शुरू की गई 'स्वायत्त' (SWAYATT) पहल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. कौशल प्रोत्साहन
B. स्वच्छता प्रोत्साहन
C. स्टार्ट-अप को बढ़ावा देना
D. सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन

Answer ||| C

Solution |||

SWAYATT (Start-ups, Women and Youth Advantage Through e-Transactions) गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) पर आधारित एक पहल है। यह भारतीय उद्यम संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र में प्रमुख हितधारकों को राष्ट्रीय खरीद पोर्टल 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' में साथ लाएगा।

85.ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?

A. शिक्षा
B. रेलवे
C. शेयर बाजार
D. संचार

Answer ||| A

Solution |||

देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने में तकनीक का उपयोग करने के लिए ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड का उपयोग किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों के लिए किसी भी समय और किसी भी स्थान पर ई-संसाधन उपलब्ध कराने के अलावा एक सामान्य कक्षा को डिजिटल कक्षा में परिवर्तित करना है, यह मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती तकनीक का उपयोग करके व्यावहारिक शिक्षण के साथ-साथ कुशल शिक्षण की व्यवस्था करने में भी मदद करेगा।

86.किस राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे संस्करण की मेजबानी की?

A. ओडिशा
B. हरियाणा
C. पंजाब

D. महाराष्ट्र

Answer ||| D

Solution |||

महाराष्ट्र ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे संस्करण की मेजबानी की, जो जनवरी, 2019 में पुणे में आयोजित किए गए थे। विभिन्न राज्यों के 9000 से अधिक खिलाड़ियों ने 18 अलग-अलग खेलों में भाग लिया।

विजेता: महाराष्ट्र

उप-विजेता: हरियाणा

87.रेणुकाजी बहुउद्देशीय बांध परियोजना में कितने राज्य भागीदार हैं?

A. 3
B. 4
C. 5
D. 6

Answer ||| D

Solution |||

रेणुकाजी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए छह राज्यों- उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ऊपरी यमुना बेसिन में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में यमुना नदी और इसकी दो सहायक नदियों - टोंस और गिरि पर तीन भंडारण परियोजनाओं का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें उत्तराखंड में यमुना नदी पर लखवाड़ परियोजना, उत्तराखंड में टोंस नदी पर किशाऊ और हिमाचल प्रदेश में गिरि नदी पर रेणुकाजी शामिल हैं।

88.एकलव्य स्कूल योजना के तहत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के लिए निम्न में से कौन सी शर्त आवश्यक है?

A. 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और न्यूनतम 20,000 आदिवासी व्यक्ति
B. 50% से अधिक अनुसूचित जाति आबादी और न्यूनतम 30,000 आदिवासी व्यक्ति
C. 70% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और न्यूनतम 20,000 आदिवासी व्यक्ति
D. 70% से अधिक अनुसूचित जाति आबादी और न्यूनतम 30,000 आदिवासी व्यक्ति

Answer ||| A

Solution |||

50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और न्यूनतम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों वाले प्रत्येक ब्लॉक में वर्ष 2022 तक एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) होगा। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत नवोदय विद्यालय समिति के समान एक स्वायत्त सोसाइटी की स्थापना की जाएगी।

89.हाल ही में दुनिया का पहला तैरता हुआ परमाणु ऊर्जा संयंत्र कहां बनाया जा रहा है?

A. रूस
B. अमेरीका
C. भारत
D. फ्रांस

Answer ||| A

Solution |||

दुनिया का पहला तैरता हुआ परमाणु ऊर्जा संयंत्र वर्तमान में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में बाल्टिस्की ज़ावोड शिपयार्ड में बनाया जा रहा है। यह स्थान, जो अकादमिक लोमोनोसोव के नाम से जाना जाता है, रूसी परमाणु प्रचालक रोज़नेरगौटम की संपत्ति है। इसमें दो KLT-40C समुद्री प्रणोदन रिएक्टर हैं, जिसमें से प्रत्येक की क्षमता 35 MWe है।

90.निम्नलिखित में से कौन सा देश हाल ही में फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) का सदस्य बना?

A. भारत
B. पाकिस्तान
C. इजराइल
D. नॉर्वे

Answer ||| C

Solution |||

इजराइल FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट के जारी होने के बाद, तत्काल प्रभाव से इसका पूर्ण सदस्य बन गया। इजराइल को फरवरी 2016 में FATF का पर्यवेक्षक बनाया गया था। तब तक यह FATF की शैली वाले क्षेत्रीय निकाय MONEYVAL में अपनी भागीदारी के माध्यम से FATF के कार्यों में पहले ही शामिल हो चुका था।

91.चित्रा मुद्गल ने किस साहित्यिक रचना के लिए **साहित्य अकादमी पुरस्कार 2018** जीता?

A. भागीरथ
B. पोस्ट बॉक्स नंबर 203- नाला सोपारा
C. परिणीता
D. आख

Answer ||| B

Solution |||

प्रख्यात हिंदी लेखिका चित्रा मुद्गल को उनकी रचना पोस्ट बॉक्स नंबर 203- नाला सोपारा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार 2018 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 24 विभिन्न भारतीय भाषाओं के लिए दिए जाते हैं। डोगरी लेखक इंद्रजीत केसर, कन्नड़ लेखक के.जी.

नागराजप्पा और कश्मीरी कहानीकार मुश्ताक अहमद मुश्ताक अन्य 24 विजेताओं में शामिल हैं।

92.सतत जल प्रबंधन(Sustainable Water Management) पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था?

A. दिल्ली
B. जयपुर
C. मोहाली
D. हैदराबाद

Answer ||| C

Solution |||

सतत जल प्रबंधन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पंजाब के मोहाली में आयोजित किया गया था। सम्मेलन का विषय जल संसाधनों के एकीकृत एवं सतत विकास और प्रबंधन को प्रोत्साहन' (Promoting integrated and sustainable development and management of Water Resources) था। सम्मेलन का उद्देश्य जल प्रबंधन हेतु स्थायी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए सरकारों, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक समुदायों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच भागीदारी और संवाद को बढ़ावा देना है।

93.पृथ्वी की भू-पर्पटी किसके नीचे सबसे पतली होती हैं-

A. महाद्वीप
B. महासागर
C. पर्वत
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution |||

भू-पर्पटी (क्रस्ट) पृथ्वी की सबसे पतली परत है। इसकी औसत मोटाई भूमि के नीचे लगभग 18 मील (30 किमी) और महासागरों के नीचे लगभग 6 मील (10 किमी) है। भू-पर्पटी वह परत है जो पृथ्वी की सतह का निर्माण करती है और यह एक कठोर परत के ऊपर होती है, जिसे मेंटल कहा जाता है। भू-पर्पटी और ऊपरी मेंटल साथ मिलकर पृथ्वी के बाह्य आवरण का निर्माण करते हैं। भू-पर्पटी अनेक चट्टानों से बनती है, जो मेंटल बनाने वाली चट्टानों की तुलना में हल्की होती हैं। भू-पर्पटी दो प्रकार की होती है। महाद्वीपीय भू-पर्पटी पृथ्वी पर भूमि का निर्माण करती है। समुद्री भू-पर्पटी पृथ्वी के महासागरों का निर्माण करती है। महाद्वीपीय भू-पर्पटी महासागरीय भू-पर्पटी से अधिक मोटी होती है, जबकि महाद्वीपीय भू-पर्पटी पतली और सघन होती है, जिसका अर्थ है कि जो चट्टान इससे बनी होती है, अधिक सघन होती है।



94.ला नीना से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) ला नीना एक घटना है जो पूर्वी और मध्य प्रशांत महासागर में सामान्य महासागरीय सतह के तापमान की तुलना में ठंडे तापमान का वर्णन करती है।

2) पूर्वी प्रशांत में पानी का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है।

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 न 2

Answer ||| C

Solution |||

ला नीना एक घटना है जो पूर्वी और मध्य प्रशांत महासागर में सामान्य महासागरीय सतह के तापमान की तुलना में ठंडे तापमान का वर्णन करती है; यह क्षेत्र दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट से भूमध्य रेखा के समीप है। दुनिया के कुछ हिस्सों में, ला नीना भारी वर्षा का कारण बनती है जबकि कुछ क्षेत्रों में यह अत्यधिक शुष्क मौसम का कारण बनती है। परिस्थितियों के कारण ला नीना कुछ वर्षों में बार-बार होती है और यह दो वर्ष तक बनी रह सकती है। अल नीनो प्रत्येक 2-7 वर्ष में होती है और ला नीना घटनाएं कभी-कभी अल नीनो घटनाओं के बाद होती हैं।



95.अटाकामा मरुस्थल विश्व के सबसे शुष्क मरुस्थलों में से एक है। अन्य कारणों के अलावा, एक विशेष महासागर धारा है, जो इसे एक शुष्क मरुस्थल बनाती है। उस धारा का नाम बताइए?

A. बेंगुएला की धारा
B. एगुलस की धारा
C. गल्फ स्ट्रीम
D. पेरू की धारा

Answer ||| D

Solution |||

पेरू की करंट (जिसे हम्बोल्ट के नाम से भी जाना जाता है), एक प्रमुख पूर्वी सीमावर्ती उर्ध्वगामी पारिस्थितिकी तंत्र है जो दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तट के साथ उत्तर की ओर बहती है। यह भूमध्य रेखा की दिशा में बहने वाली एक पूर्वी सीमावर्ती धारा है। पेरू की धारा का चिली, पेरू और इक्वाडोर की जलवायु पर काफी ठंडा प्रभाव है। यह उत्तरी चिली और पेरू के तटीय क्षेत्रों में अटाकामा मरुस्थल की शुष्कता और दक्षिणी इक्वाडोर की शुष्कता के लिए भी उत्तरदायी है। समुद्री पवनों को धाराओं से ठंडा किया जाता है और इस प्रकार यह वर्षा उत्पन्न करने के लिए अनुकूल नहीं है।

96.भारत में 'लिंग अनुपात' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1) भारत में लिंग अनुपात की गणना महिला जनसंख्या और कुल जनसंख्या के अनुपात के रूप में की जाती है।

2) भारत में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, हरियाणा में न्यूनतम लिंगानुपात है।

दिए गए विकल्पों की सहायता से कूट का चयन करें:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 न 2

Answer ||| D

Solution |||

जनसंख्या में महिलाओं और पुरुषों की संख्या के बीच के अनुपात को लिंग अनुपात कहा जाता है। लिंगानुपात का उपयोग प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार दमन और दीव का लिंगानुपात (618/1000) सबसे कम है।

हरियाणा का लिंगानुपात 879/1000 है। यह सभी राज्यों के बीच सबसे कम है।

सभी भारतीय राज्यों के बीच केरल का लिंगानुपात उच्चतम (प्रति 1000 पुरुषों पर 1084 महिलाएं) और केरल की साक्षरता दर उच्चतम है।

97.निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

अभिकथन (A): पृथ्वी की संरचना को पृथ्वी की विभिन्न परतों से भूकंप तरंगों के गुजरने को देखकर समझा जा सकता है।

कारण (R): भूकंप की तरंगें केवल तरल पदार्थ से ही गुजरती हैं|

उपरोक्त के संदर्भ में, इनमें से कौन सही है?

A. A और R दोनों सही हैं और R, A का सही कारण है
B. A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A का सही कारण नहीं है
C. A गलत है जबकि R सही है
D. A गलत है, जबकि R गलत है

Answer ||| D

Solution |||

भूकंपीय तरंगें दूर रखे सीस्मोग्राफ से मापी जाती हैं। हालांकि, कुछ विशिष्ट क्षेत्र भी हैं जहां तरंगें नहीं दर्ज होती हैं। ऐसे क्षेत्र को 'भूकंपीय छाया क्षेत्र' (शैडो जोन) कहा जाता है।

यह S तरंगों के कारण होता है। भूकंप के दौरान दो प्रकार की निकाय तरंग उत्पन्न होती हैं। इन्हें P और S -तरंग कहा जाता है।

S -तरंग के बारे में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केवल ठोस पदार्थों से होकर गुजर सकते हैं। S-तरंग का यह गुण अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसने वैज्ञानिकों को पृथ्वी की आंतरिक संरचना को समझने में मदद मिलती है। P तरंगे ठोस चट्टान और तरल पदार्थ, जैसे पानी या पृथ्वी की तरल परतों के माध्यम से आगे बढ़ सकती है।

98.निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है-

A. मुद्रा ताप विद्युत संयंत्र- महाराष्ट्र
B. सीपत ताप विद्युत संयंत्र - झारखंड
C. सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन - आंध्र प्रदेश
D. खापरखेड़ा ताप विद्युत संयंत्र - महाराष्ट्र

Answer ||| D

Solution |||

सही युग्म इस प्रकार हैं-

मुद्रा ताप विद्युत संयंत्र - गुजरात

सीपत ताप विद्युत संयंत्र - छत्तीसगढ़

सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन - उत्तर प्रदेश

भारत में ताप विद्युत संयंत्र बिजली का 'सबसे बड़ा' स्रोत है। भाप उत्पन्न करने के लिए कोयला, गैस और डीजल जैसे उपयोगी ईंधनों के आधार पर विभिन्न प्रकार के ताप विद्युत संयंत्र हैं। भारत में खपत होने वाली बिजली का लगभग 71% भाग ताप विद्युत संयंत्र द्वारा उत्पादित होता है।

99.कर्क रेखा भारत के किस राज्य से होकर नहीं गुजरती है?

A. मध्य प्रदेश
B. उत्तर प्रदेश
C. राजस्थान
D. गुजरात

Answer ||| B

Solution |||

भारत में कर्क रेखा आठ राज्यों (राजस्थान, गुजरात, मध्य
प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम) से होकर गुजरती है।

100.निम्न में से कौन सी नदी एस्चुअरी(Estuary) निर्माण करती है?

A. गंगा
B. ताप्ती
C. गोदावरी
D. ब्रम्हपुत्र

Answer ||| B

Solution |||

ताप्ती नदी, जो अरब सागर के खंभात की खाड़ी में गिरती है, मुहाने बनाती है। एक मुहाना एक या अधिक नदियों या इसमें बहने वाली धाराओं के साथ और खुले समुद्र से जुड़ा आंशिक रूप से घिरा हुआ खारे जल का तटीय निकाय है।

101.पश्चिमी घाट भारत के पश्चिमी तट के समानांतर है। निम्न में से कौन सा दर्रा पश्चिमी घाटों में स्थित नहीं है?

A. भोरघाट
B. थाल घाट
C. अंबा घाट
D. बोमडिला

Answer ||| D

Solution |||

बोमडिला दर्रा अरुणाचल प्रदेश में स्थित है।

पश्चिमी घाट (सह्याद्रि) उत्तर - दक्षिण दिशा में तापी नदी के मुहाने से कन्याकुमारी तक लगभग 1600 कि.मी तक पश्चिमी तट के समानांतर फैला हुआ है। ये अरब सागर में भूमि के एक भाग के नीचे की ओर झुकने से बने हुए वलित पर्वत हैं। पश्चिमी घाट में अन्य महत्वपूर्ण दर्रे-

• नाणेघाट

• मालशेज़ घाट

• थाल घाट

• थूल घाट

102.साइबेरियाई सारस, एक प्रसिद्ध प्रवासी पक्षी है, इसे निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में अपनी सर्दियां बिताने के लिए जाना जाता है?

A. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
B. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
C. कीबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान
D. राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

Answer ||| B

Solution |||

पहले इसे भरतपुर पक्षी अभयारण्य के रूप में जाना जाता था, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भारत के दो सबसे ऐतिहासिक शहरों, आगरा और जयपुर के मध्य स्थित है। यह उत्तर भारतीय पार्क, देश के उत्तर-
पश्चिमी भाग राजस्थान में स्थित है। इसे वर्ष 1982 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और उसके बाद वर्ष 1985 में यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में चिह्नित किया गया था। यह पार्क पक्षियों और जानवरों की 370 से अधिक प्रजातियों जैसे कि बेसकिंग अजगर, चित्रित

सारस, हिरण, नीलगाय और अन्य प्रजातियों का निवास स्थान है। यह मुख्य रूप से प्रवासी साइबेरियाई सारस के लिए जाना जाता है।

साइबेरियाई सारस (ग्रस ल्यूकोगेरेनस) या साइबेरियाई सफेद सारस या बर्फ सारस, सारस की एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजाति है।

वे तीन समूहों में रहते हैं, पूर्वी समूह, जो पूर्वी साइबेरिया से चीन की ओर प्रवास करता है, केंद्रीय समूह, जो पश्चिमी साइबेरिया से भारत की ओर पलायन करता है और पश्चिमी समूह, जो पश्चिमी रूस से ईरान की ओर पलायन करता है। एक वयस्क साइबेरियाई सारस की ऊंचाई लगभग 5 फीट और इसका वजन 6 किलोग्राम होता है।

103.बेसेल सम्मेलन संबंधित है:

A. जैविक विविधता
B. खतरनाक अपशिष्ट और उसका निपटान
C. निरंतर कार्बनिक प्रदूषक
D. ओजोन क्षरण

Answer ||| B

Solution |||

रियो पृथ्वी सम्मेलन 1992 को जैविक विविधता पर सम्मेलन के लिए जाना जाता है।

खतरनाक अपशिष्ट के सीमापार आवागमन और उसके निपटान के नियंत्रण पर बेसेल सम्मेलन को 1989 में अपनाया गया था और इसे 5 मई,
1992 को लागू किया गया था। इसे खतरनाक अपशिष्ट के प्रबंधन, निपटान और सीमापार आवागमन पर बढ़ती चिंताओं को संबोधित करने के लिए बनाया गया था।

स्टॉकहोम सम्मेलन, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को निरंतर जैविक प्रदूषकों (पी.ओ.पी.) से बचाने के लिए एक वैश्विक संधि है।

मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को 1987 में अंतिम रूप दिया गया था, यह ओजोन-
क्षयकारक पदार्थों (ओ.डी.एस.) के उत्पादन और खपत को चरणबद्ध ढंग से समाप्त करके समता प मंडल की ओजोन परत के संरक्षण हेतु एक वैश्विक समझौता है।

104.निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे की अधिकतम संख्या है?

A. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
B. माधव राष्ट्रीय उद्यान
C. पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य
D. ओरंग राष्ट्रीय उद्यान

Answer ||| A

Solution |||

काजीरंगा, विश्व में एक सींग वाले गैंडे की अधिकतम संख्या के लिए जाना जाता है, जहां पर अब लगभग 3000 गैंडे हैं। ओरंग राष्ट्रीय उद्यान में लगभग 100 गैंडे हैं, पोबितोरा वन्यजीव अभया रण्य में 93 गैंडे है, जबकि मानस राष्ट्रीय उद्यान में 22 गैंडो स्थानांतरित किया गया है।

105.निम्नलिखित में से कौन महासागर अम्लीकरण का कारण है?

A. CO2 की सांद्रता में वृद्धि
B. जीवाश्म ईंधन का जलना
C. औद्योगिक क्रांति
D. उपर्युक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

जब महासागर कार्बन डाइऑक्साइड के उच्च स्तर को अवशोषित करते हैं तो अम्लता का स्तर बढ़ता है और महासागर के प्राकृतिक क्रम से समझौता हो जाता है। इसे "महासागर अम्लीकरण" के रूप में जाना जाता है।

महासागर के अम्लीकरण के कारण:

- औद्योगिक क्रांति
- कार्बन डाइऑक्साइड की उच्च सांद्रता
- जीवाश्म ईंधन का जलना
- सीमेंट निर्माण
- भूमि उपयोग में परिवर्तन
- समुद्र में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ाना
- वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का बढ़ना
- हाइड्रोजन आयनों की उच्च सांद्रता के कारण रासायनिक अभिक्रियाएँ होना
- कार्बोनेट आयनों में कमी
- जैव विविधता के नुकसान
- बायोगैस के उत्पादन में परिवर्तन
- पर्यावरण के अनुकूल कानूनों और नियमों का अभाव

106.रासायनिक यौगिक, जो समताप मंडल में ओजोन परत के क्षय का कारण हैं:

A. सल्फर
B. नाइट्रोजन
C. क्लोरीन

D. ऑक्सीजन

Answer ||| C

Solution |||

ओजोन क्षरण, ऊपरी वायुमंडल में पृथ्वी की ओजोन परत का धीरे-
धीरे पतला होना है। इसका मुख्य कारण उद्योग और अन्य मानवजनित गतिविधियों से निकलने वाली गैसीय क्लोरीन या ब्रोमीन युक्त रासायनिक यौगिक हैं। ध्रुवीय क्षेत्रों में विशेष रूप से अंटार्क टिका में पतले होने का उच्चारण किया जाता है। ओजोन क्षरण, एक प्रमुख पर्यावरणीय समस्या है क्यों कि यह पृथ्वी की सतह तक पहुंचने वाले पराबैंगनी विकिरण की मात्रा को बढ़ाता है, जिससे त्वचा के कैंसर, नेत्र मोतियाबिंद और आनुवंशिक और प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षति की दर बढ़ जाती है। 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की पुष्टि की गई थी, यह ओजोन-
क्षय करने वाले रसायनों के उत्पादन और उपयोग को रोकने हेतु लागू किया जाने वाला पहला व्या पक अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इस मुद्दे पर निरंतर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के परिणामस्वरूप, ओ जोन परत के समय के साथ ठीक होने की उम्मीद है।

मानव-
निर्मित क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs)- कार्बन, फ्लोरीन और क्लोरीन परमाणुओं से युक्त अणु, स मताप मंडल में क्लोरीन का एक प्रमुख स्रोत हो सकता है। क्लोरीन और ब्रोमीन वायुमंडल में हजा रों ओजोन अणुओं को नष्ट करते हैं।

107.निम्नलिखित में से कौन ग्रीन हाउस प्रभाव में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है?

A. CO_2
B. CH_4
C. N_2O
D. जलवाष्प

Answer ||| D

Solution |||

ग्रीनहाउस गैसें, परावर्तित सौर ऊर्जा को अवशोषित करती हैं, जिससे पृथ्वी का वायुमंडल गर्म हो ता है। सूर्य का अधिकांश प्रकाश सीधे जमीन पर पहुँचता है और इसका एक हिस्सा जमीन से पुन: अंतरिक्ष में परावर्तित होता है। वायुमंडल में उपस्थित कुछ गैसें इस परावर्तित ऊर्जा को अवशोषित करती हैं और इसे पुन: पृथ्वी को ऊष्मा के रूप में पुनर्निर्देशित करती हैं। इसके लिए जिम्मेदार गै सों को ग्रीनहाउस गैस कहा जाता है।

जबकि प्राकृतिक जल वाष्प का ग्रीनहाउस प्रभाव पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है, कार्बन डाइऑ क्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड सबसे उल्लेखनीय मानव निर्मित योगदानकर्ता हैं। यह सच है कि पृथ्वी के ग्रीनहाउस प्रभाव में जलवाष्प का सबसे बड़ा योगदान है। यह औसतन संभवतः ग्लोबल वार्मिंग के लगभग 60% हेतु जिम्मेदार है।

108.संरक्षण कार्यक्रम MIKE, निम्नलिखित में से किस प्रजाति से संबंधित है?

A. बाघ
B. ओलिव रिडले
C. गिद्ध
D. हाथी

Answer ||| D

Solution |||

संरक्षण कार्यक्रम -

प्रोजेक्ट टाइगर- बाघ संरक्षण हेतु

ऑलिव रिडले समुद्री कछुए के संरक्षण हेतु सितंबर,
1998 में ऑपरेशन कच्छपा शुरू किया गया था।

गिद्धों के लिए कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है, लेकिन गिद्ध सुरक्षा क्षेत्र, डाइक्लोफिनैक पर प्रतिबंध, गिद्ध रेस्तरां जैसे विभिन्न कदम उठाए गए हैं।

MIKE का पूरा नाम हाथियों की अवैध हत्या की निगरानी है, यह CITES के अंतर्गत आता है। भा रत में, हाथी परियोजना औपचारिक रूप से MIKE को लागू कर रही है।

109.निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

A. 5 जून- विश्व पर्यावरण दिवस
B. 2 फरवरी- विश्व आर्द्रभूमि दिवस
C. 22 मई- अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस
D. 3 मार्च- विश्व जल दिवस

Answer ||| D

Solution |||

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस, हमारे पर्यावरण की रक्षा करने हेतु दुनिया भर में जागरूकता फैलाने और कार्रवाई को प्रोत्साहित करने हेतु मनाया जाने वाला संयुक्त राष्ट्र दिवस है।

2 फरवरी को विश्व आद्रभूमि दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन 2 फरवरी, 1971 को ईरानी शहर रामसर में कैस्पियन सागर के तट पर आद्रभूमि सम्मेलन को अपनाने की तिथि को भी चिह्नित करता है।

22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में मनाया जाता है।

22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

110.निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान एक UNESCO मिश्रित विश्व विरासत स्थल है ?

A. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान
B. सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान
C. नीलगिरी

D. साँची

Answer ||| A

Solution |||

खंगचेंद्ज़ोंगा राष्ट्रीय उद्यान, भारत का पहला मिश्रित विश्व विरासत स्थल है जिसे 2016 में यूनेस्को द्वारा घोषित किया गया था।

यह उत्तरी भारत में हिमालय श्रृंखला (सिक्किम राज्य) के केंद्र में स्थित है, खांगचेंदज़ोंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्राचीन वनों से ढके मैदान, घाटियां, झीलें, ग्लेशियर और शानदार बर्फ से ढके पहाड़ों की एक अद्वितीय विविधता शामिल है, जिसमें विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट खंगचेंदज़ोंगा शामिल है।

111.निम्नलिखित में से कौन सा रेत खनन का परिणाम है?

A. भू-क्षरण
B. स्थानीय वन्यजीवों की हानि
C. जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का नाश
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

रेत खनन खुली खानों, समुद्र तटों, नदियों और समुद्र की सतह, नदी के किनारों, डेल्टा, या अंत: स्थलीय टीलों से रेत निकालने की प्रक्रिया है। जैसे-
जैसे जनसंख्या में वृद्धि होती है और शहरीकरण की दर बढ़ती है, निर्माण-
कार्य हेतु आवश्यक रेत की मांग भी बढ़ जाती है। रेत खनन के प्रतिकूल प्रभावों को नीचे समझाया गया है।

1) रेत खनन से भू-क्षरण होता है

2) समुद्र तटों और नदी तटों में रेत खनन से स्थानीय वन्यजीवों को नुकसान पहुंचता है

3) रेत खनन जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करता है

4) रेत खनन से क्षेत्र में बाढ़ की अधिक संभावना होती है

112.IRENA(International Renewable Energy Agency) का मुख्यालय कहां है-

A. नई दिल्ली
B. अबू धाबी
C. लंदन
D. न्यूयॉर्क

Answer ||| B

Solution |||

अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) एक अंतर-
सरकारी संगठन है जो देशों के दीर्घकालिक ऊर्जा भविष्य में अवस्थांतर हेतु सहायता करता है, और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख मंच, उत्कृष्टता केंद्र, और नवीकरणीय ऊर्जा पर योजना, प्रौद्योगिकी, संसाधन और वित्तीय ज्ञान भंडार गृह के रूप में कार्य करता है।

एजेंसी का मुख्यालय अबू धाबी में है।

113.मिनामाता रोग किसके संदूषण से होता है?

A. फ्लोराइड
B. पारा
C. कैडमियम
D. सीसा (लेड)

Answer ||| B

Solution |||

अपशिष्ट जल में पारा यौगिक को जीवाणु संबंधी क्रिया द्वारा अत्यंत विषाक्त मिथाइल मरकरी में परिवर्तित किया जाता है, जिससे अंगों, होंठों और जीभ का सुन्न होना, बहरापन, नेत्र दृष्टि का धुंधलापन और मानसिक विक्षिप्तता हो सकती है।

वर्ष 1952 में जापान में पारे से दूषित मिनमाता खाड़ी से पकड़ी गई मछलियों के उपभोग के कारण मिनामाता रोग हुआ।

कैडमियम से संदूषित जन के कारण इटाई-इटाई रोग हो सकता है।

सीसे के यौगिकों से एनीमिया, सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी और मसूड़ों के चारों ओर नीलापन होता है।

पीने के पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा के कारण तंत्रिका मांसपेशी विकार, जठरांत्रिय समस्याएं, दांतों में कुरुपता, हड्डियों का कठोर होना और जोड़ों में दर्द होता है।

114.निम्नलिखित में से किस वायु प्रदूषक को AQI द्वारा नहीं मापा जाता है?

A. PM10
B. PM2.5
C. Pb
D. CO2

Answer ||| D

Solution |||

वायु गुणवत्ता की जानकारी का प्रसार करने के लिए वर्ष 2015 में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक की शुरूआत की गई थी। AQI में भिन्न-
भिन्न रंग व्यवस्था के साथ वायु गुणवत्ता की छह श्रेणियां अर्थात- अच्छी, संतोषजनक, मध्यम रूप से प्रदूषित, खराब, बहुत खराब और गंभीर हैं। AQI आठ प्रदूषकों - PM10, PM2.5, NO2, SO2, CO, O3, NH3 और Pb की माप करता है।

115.निम्नलिखित में से उड़ने वाली राख (फ्लाई ऐश) का क्या लाभ है-

A. सीमेंट को फ्लाई ऐश से प्रतिस्थापित किया जा सकता है
B. यह भूमि की जल धारण क्षमता को बढ़ाती है
C. यह सड़क तटबंधों को भरने के लिए एक बेहतर पदार्थ है
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

उड़ने वाली राख (फ्लाई ऐश) एक महीन पाउडर होता है जो विद्युत उत्पादन ऊर्जा संयंत्रों में ज्वलित कोल चूर्ण का एक उपोत्पाद है। फ्लाई ऐश एक पोज़ोलान (वह पदार्थ जिसमें एलुमिनस और सिलिकामय पदार्थ होते हैं) है जो पानी की उपस्थिति में सीमेंट का निर्माण करता है। फ्लाई ऐश को चूने और पानी के साथ मिलाने पर, पोर्टलैंड सीमेंट के समान एक यौगिक का निर्माण करती है।

हानिकारक प्रभाव -
1. यदि इसका निपटान उचित रूप में नहीं किया गया तो यह हवा, पानी को अत्यधिक प्रदूषित कर सकता है।

2. इससे श्वसन संबंधी समस्याएं होती है।

3. यह खेतों में पत्तियों और फसलों पर गिरता है और पौधों की उपज को कम करता है।

लाभ - 1. यह सीमेंट का काम कर सकता है।

2. फ्लाई ऐश की ईंटें वजन में हल्की होती हैं और अधिक मजबूती और स्थायित्व प्रदान करती हैं।

3. यह सड़क तटबंधों को भरने और कंक्रीट की सड़कों के लिए एक बेहतर पदार्थ है।

4. इसका उपयोग बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने में किया जा सकता है।

5. यह फसल की पैदावार बढ़ा सकती है और यह भूमि की जल धारण क्षमता को भी बढ़ाती है।

116.प्रकाश-
रासायनिक धुंध (फोटोकैमिकल स्मॉग) का निर्माण वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की किसके साथ परस्पर क्रिया से होता है

A. नाइट्रोजन ऑक्साइड
B. कार्बन मोनोऑक्साइड
C. हाइड्रोजन ऑक्साइड
D. सल्फर डाइऑक्साइड

Answer ||| A

Solution |||

स्मॉग (धुंध) दो शब्दों का मेल है जो स्मोक (धुआं) और फॉग (कुहासा) है। स्मॉग वातावरण में धूल के कणों और जलवाष्प से युक्त विभिन्न गैसों का मिश्रण है।

प्रकाश-
रासायनिक धुंध (फोटोकैमिकल स्मॉग) के निर्माण में तीन प्रमुख तत्व- नाइट्रोजन ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन और सूर्य का प्रकाश शामिल होते हैं। नाइट्रोजन ऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन जीवाश्म ईंधन ज्वलित ऊर्जा संयंत्रों के उप-
उत्पाद हैं, और वे प्राकृतिक प्रक्रियाओं से भी प्राप्त हो सकते हैं, लेकिन इनका मुख्य स्रोत तेल (पेट्रोल, डीजल आदि) संचालित ऑटोमोबाइल में आंतरिक दहन इंजन होता है।

नाइट्रस ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड सूर्य के प्रकाश में अलग हो जाते हैं और अंतत: भारी मात्रा में प्रदूषक उत्पन्न करने के लिए ट्रेस हाइड्रोकार्बन के साथ संघटित हो जाते हैं।

117.किस राज्य में सर्वाधिक वन आच्छादित क्षेत्र है?

[संकेत- क्षेत्रफल के संदर्भ में]

A. मध्य प्रदेश
B. मिजोरम
C. छत्तीसगढ़

D. अरुणाचल प्रदेश

Answer ||| A

Solution |||

भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा राज्य वन रिपोर्ट अर्द्धवार्षिक प्रकाशित की जाती है। वर्ष 2017 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल वन एवं वृक्ष आच्छादन में 8,021 वर्ग किमी (लगभग 80.20 मिलियन हेक्टेयर) तक की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2015 से एक प्रतिशत अधिक है। 24.4% भूमि क्षेत्र वन एवं वृक्ष आच्छादन के अंतर्गत होने के साथ भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है, जब कि यह दुनिया के सतह क्षेत्रफल का 2.4% है और यह 17% मनुष्य और 18% पशुधन आबादी की जरूरतों को पोषित करता है। सर्वाधिक वन क्षेत्र वार्षिक कुल वृद्धि की रिपोर्ट वाली शीर्ष दस देशों की सूची में भारत को 8वें स्थान पर रखा गया था।

मध्य प्रदेश देश का सबसे बड़ा वनाच्छादित क्षेत्रफल वाला प्रदेश है, जिसके बाद अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ हैं।

प्रतिशत के संदर्भ में 88.93 प्रतिशत वनाच्छादन के साथ मिजोरम में सर्वाधिक वनाच्छादित क्षेत्र है, इसके बाद लक्षद्वीप का स्थान है।

118.जीवमंडल में मुख्य नाइट्रोजन भंडार है

A. महासागर
B. वायुमंडल
C. चट्टान
D. जीव

Answer ||| B

Solution |||

वायु या वायुमंडल नाइट्रोजन का प्रमुख भंडार है जो 79% नाइट्रोजन गैस (N2) से बनता है।

नाइट्रोजन वायुमंडल में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है और, प्रोटीन और डी.एन.ए जैसे न्यूक्लिक अम्ल के मूल अंग के रूप में, सभी जीवों के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। नाइट्रोज न चक्र एक जटिल भूजैव-
रासायन चक्र है, जिसमें नाइट्रोजन (N2) अपने अक्रिय वायुमंडलीय आणविक रूप से जैविक प्रक्रि याओं में उपयोगी रूप में परिवर्तित होती है।

119.दो विभिन्न प्रजातियों के जीवों के बीच संबंध 'असहभोजिता' (Amensalism), जिसमें-

A. एक प्रजाति लाभान्वित होती है जबकि दूसरी अप्रभावित होती है
B. दोनों प्रजातियां लाभान्वित होती हैं
C. एक प्रजाति को हानि होती है जबकि दूसरी अप्रभावित रहती है
D. किसी भी प्रजाति पर कोई प्रभाव नहीं होता है

Answer ||| C

Solution |||

असहभोजिता (Amensalism), दो विभिन्न प्रजातियों के जीवों के बीच संबंध है जिसमें एक नि षिद्ध या खंडित होती है और दूसरी अप्रभावित रहती है।

ब्रेड पर फफूंद पेनिसिलियम एक एंटीबायोटिक पदार्थ पेनिसिलिन का उत्पादन करती है जो विभि न्न प्रकार के जीवाणुओं के विकास को रोकता है।

120.मैंग्रोव समुद्र और किनके बीच एक संक्रमिका (इकोटोन) को दर्शाता है-

A. स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र
B. ज्वारनदीमुख पारिस्थितिकी तंत्र
C. मरुस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र
D. घास के मैदान

Answer ||| A

Solution |||

मैंग्रोव वन, समुद्री और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के बीच की संक्रमिका को दर्शाते हैं।

एक संक्रमिका दो पूर्णतया भिन्न पारिस्थितिकी तंत्रों के बीच अतिव्यापन का क्षेत्र है। इस कारण इ न क्षेत्रों में निकटवर्ती क्षेत्रों की तुलना में अधिक विविधता होती है। एक प्रजाति की संरचना में क्र मिक वृद्धि हुई है, जो उस पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित है, जिसकी ओर हम बढ़ रहे हैं और दूस री प्रजातियों की संरचना में समकालीन कमी आई है, जो उस पारिस्थितिक तंत्र से संबंधित है जि ससे हम दूर जा रहे हैं।

मैंग्रोव वन, समुद्री और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र के बीच की संक्रमिका को दर्शाते हैं।

121.सूची-I का सूची-
II के साथ मिलान करें और नीचे दिए गए कोडों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनें।

सूची-I	सूची-II
(क्षेत्रीय तूफान)	(परिभाषा)
A. मैंगो शॉवर	1. मानसून के पहले की बारिश है जो काफी के फूलों की खिलने में मदद करती है।
B. नॉर वेस्टर्स	2. उत्तरी मैदानों में चलने वाली गर्म, शुष्क और विपरीत हवाएं
C. ब्लॉसम शॉवर	3. बंगाल और असम में शाम का आंधी तूफान
D. लू	4. मानसून के पहले की बारिश जो आम के जल्दी पकने में मदद करती है।

A. A-1 B-2 C-4 D-3
B. A-4 B-3 C-1 D-2
C. A-3 B-1 C-4 D-2
D. A-3 B-2 C-1 D-4

Answer ||| B

Solution |||

• मैंगो शॉवर, केरल और कर्नाटक के तट पर होने वाले प्री-
मॉनसून बारिश है। चूंकि वे आम के जल्दी पकने में मदद करते हैं इसलिए उन्हें मैंगो शॉवर कहा जाता है।

• लू, पश्चिम की ओर से चलने वाली एक मजबूत, धूल भरी, भीषण गर्म और शुष्क गर्म हवा है जो उत्तर भारत के पश्चिमी भारतीय-गंगीय मैदानी क्षेत्र में चलती है।

• नॉरवेस्टर, एक स्थानीय बारिश और आंधी तूफान है जो भारत और बांग्लादेश में होती है। मार्च से लेकर मानसून तक उत्तर-पूर्व भारत में तीव्रता बढ़ने के साथ कालबैशाखी होती है।

• ब्लॉसम शावर, मानसून पूर्व वर्षा की घटना का वर्णन करने हेतु बोलचाल का शब्द है। वे मुख्य रूप से मार्च-
मई महीनों के दौरान होते हैं अर्थात भारत में मानसून के आगमन से पहले होती है। इसलिए इन्हें अप्रैल की बारिश भी कहा जाता है।

122.निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धांत बताता है कि महाद्वीप लगातार गतिशील अवस्था में हैं?

A. खाईं बहाव सिद्धांत
B. क्षेत्र बहाव सिद्धांत
C. समुद्री बहाव सिद्धांत
D. महाद्वीपीय बहाव सिद्धांत

Answer ||| D

Solution |||

• महाद्वीपीय बहाव, एक सिद्धांत है कि पृथ्वी के महाद्वीप एक दूसरे के सापेक्ष भूगर्भिक समय के साथ चले रहे हैं, इस प्रकार समुद्र तल में "बहाव" दिखाई दे रहा है।

• महाद्वीपीय बहाव की परिकल्पना 20वीं शताब्दी की शुरुआत में अधिकांशत: अल्फ्रेड वेगेनर द्वारा विकसित की गई थीं।

• वेगेनर ने कहा था कि महाद्वीप, पृथ्वी की सतह के चारो-
ओर घूमते हैं और एक बार वे एक साथ एकल महा महाद्वीप के रूप में जुड़ गए थे।

• चट्टानें पास-
पास बनती हैं और इस प्रकार भूमि अलग हो गई थी। समान चट्टान के प्रकार, संरचनाएं और आयु के साथ पर्वत श्रृंखलाएं अब अटलांटिक महासागर के विपरीत किनारों पर हैं।

123.2011 की जनगणना के अनुसार, किस भारतीय केंद्र शासित प्रदेश में साक्षरता दर सबसे कम है?

A. अंडमान-निकोबार
B. चंडीगढ़
C. दादरा और नागर हवेली
D. पुदुचेरी

Answer ||| C

Solution |||

•
2011 में दादरा और नगर हवेली की औसत साक्षरता दर 2001 की 57.63 प्रतिशत की तुलना में 76.24 प्रतिशत थी।

•
2001 की जनगणना के लिए, दादरा और नगर हवेली जिले में समान आंकड़े 71.18 प्रतिशत और 40.23 प्रतिशत थे।

• दादरा और नगर हवेली जिले में कुल साक्षरों की संख्या 223,230 थी, जिनमें पुरुषों और महिलाओं की संख्या क्रमशः 142,521 और 80,703 थी।

• 2001 में, दादरा और नगर हवेली जिले की जनसंख्या 103,904 थी।

124.निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

दर्रा- स्थान

A. बनिहाल दर्रा- कश्मीर
B. नाथुला दर्रा- असम
C. सिन ला दर्रा- उत्तराखंड
D. सेला दर्रा- अरूणाचल प्रदेश

Answer ||| B

Solution |||

• बनिहाल दर्रा,
2,832 मीटर (9,291 फीट) की अधिकतम ऊंचाई पर पीरपंजाल श्रेणी में स्थित एक पहाड़ी दर्रा है। यह पर्वत श्रृंखला भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में कश्मीर घाटी को बाहरी हिमालय और द क्षिण में मैदानी इलाकों से जोड़ती है।

• नाथू ला, पूर्वी सिक्किम जिले में हिमालय में एक पहाड़ी दर्रा है। यह भारतीय राज्य सिक्किम को चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र से जोड़ता है।

• सिन ला (5495 मीटर), भारत में उत्तराखंड राज्य के पिथौरागढ़ जिले में पूर्वी कुमायूँ में स्थित एक उच्च हिमालयी पहाड़ी दर्रा है। यह दर्रा, दर्मा घाटी में बिदांग को कुथीयांकती घाटी में जोलिंग कॉग झील से जोड़ता है।

• सेला दर्रा, भारत में अरुणाचल प्रदेश राज्य के तवांग और पश्चिम कामेंग जिलों के बीच की सी मा पर स्थित एक उच्च ऊंचाई वाला पहाड़ी दर्रा है।

125.किस राज्य ने जनगणना 2011 के अनुसार नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि दर दर्ज की है?

A. नागालैंड
B. मिजोरम
C. मेघालय

D. सिक्किम

Answer ||| A

Solution |||

• नागालैंड की अनंतिम जनगणना 2011 ने एक नकारात्मक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर्ज की है, जिससे ज्ञात होता है कि राज्य के दो जिलों में नकारात्मक वृद्धि 30 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है, जब कि अन्य दो जिलों में पिछली जनगणना में 20 प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि दर्ज की गई थी।

•
2011 की जनगणना के अनुसार, सिक्किम की कुल जनसंख्या 610,577 है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की संख्या क्रमशः 323,070 और 287,507 है। 2001 में, कुल जनसंख्या 540,851 थी, जिसमें पुरुषों की संख्या 288,484 थी जबकि महिलाओं की संख्या 252,367 थी।

•
2011 की जनगणना के विवरण के अनुसार, मेघालय की जनसंख्या 29.67 लाख है, जिसमें 2001 की जनगणना के 23.19 लाख के आंकड़े में वृद्धि दर्ज की गई थी। 2011 की जनगणना के अनुसार, मेघालय की कुल जनसंख्या 2,966,889 है, जिनमें से पुरुषों और महिलाओं की संख्या क्रमशः 1,491,832 और 1,475,057 है।

•
2011 की जनगणना के अनुसार, मिजोरम की जनसंख्या 10.97 लाख है, जिसमें 2001 की जनगणना के 8.89 लाख के आंकड़े में वृद्धि दर्ज की गई है। 2011 की जनगणना के अनुसार, मिजोरम की कुल जनसंख्या 1,097,206 है, जिनमें से पुरुषों और महिलाओं की संख्या क्रमशः 555,339 और 541,867 है।

126.निम्नलिखित में से कौन जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

नदी- उदगम

A. गंगा- उत्तराखंड
B. महानदी- राजस्थान

C. सतलज- तिब्बत
D. गोदावरी- महाराष्ट्र

Answer ||| B

Solution |||

• गंगा, एशिया की एक सीमा-
पार नदी है जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। 2,525 किलोमीटर लंबी नदी भारतीय रा ज्य उत्तराखंड में पश्चिमी हिमालय से निकलती है और भारत के गंगा के मैदानों से होकर दक्षिण और पूर्व में बहती है।

• महानदी, पूर्व मध्य भारत की एक प्रमुख नदी है। यह नदी छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों से हो कर बहती है। यह धाराओं की एक संग्रह के माध्यम से छत्तीसगढ़ के उच्च क्षेत्रों से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

• सतलज नदी का स्रोत, कैलाश पर्वत के निकट तिब्बत में रक्षास्थल में है।

• गोदावरी नदी, महाराष्ट्र राज्य के नासिक जिले के त्र्यंबक के पास से निकलती है और पूर्व में द क्कन के पठार से होते हुए आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में नरसापुरम के पास बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

127.जिब्राल्टर जलडमरूमध्य निम्न में से किसे जोड़ता है?

A. अटलांटिक महासागर और हिंद महासागर
B. अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर
C. लाल सागर और प्रशांत महासागर
D. हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी

Answer ||| B

Solution |||

जिब्राल्टर जलडमरूमध्य एक संकीर्ण जलडमरूमध्य है जो अटलांटिक महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है।

होर्मुज जलडमरूमध्य- ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी

सुंडा जलडमरूमध्य- जावा सागर और हिंद महासागर

फ्लोरिडा जलडमरूमध्य - मैक्सिको की खाड़ी और अटलांटिक महासागर

128.निम्न में से कौन सा कारक प्रायद्वीपीय नदियों के पूर्व की ओर प्रवाह का मुख्य कारण है?

A. पश्चिमी भाग वृष्टि-बहुल है
B. पश्चिमी घाट एक बाधा का कार्य करते हैं
C. नदियां विभ्रंश घाटियों के साथ बहती हैं

D. उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर प्रायद्वीपीय ब्लॉक का अल्प झुकाव

Answer ||| D

Solution |||

उत्तर-पश्चिम से लेकर दक्षिण-पूर्वी दिशा तक के प्रायद्वीपीय ब्लॉक के अल्प झुकाव ने उसी अवधि के दौरान बंगाल की खाड़ी की ओर पूरे अपवाह तंत्र को उन्मुख किया।

प्रमुख प्रायद्वीपीय नदियां भूमि की ढलान के कारण पश्चिम से पूर्व की ओर बहती हैं लेकिन नर्मदा और तापी विपरीत दिशा में बहती हैं क्योंकि वे पठार की सतह पर नहीं बहती हैं लेकिन विभ्रंश घाटियों में उल्टी ढलान होती है।

129.उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की विशेषता है-

A. पेड़ों का न होना
B. न्यूनतम जैव-विविधता
C. न्यूनतम उत्पादकता
D. उच्चतम जैव-विविधता

Answer ||| D

Solution |||

उष्णकटिबंधीय वन पृथ्वी पर सबसे समृद्ध, सबसे रोमांचक क्षेत्रों में से एक हैं। ये बड़े-बड़े पेड़ों, रंग-बिरंगे पक्षियों और विविध स्तनधारियों की एक बड़ा आवास है। दुनिया की लगभग 80% प्रलेखित प्रजातियां उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में पाई जाती हैं, यद्यपि वे पृथ्वी की लगभग 6% सतही भूमि पर पाए जाते हैं - आधे से कम आच्छादित क्षेत्र काफी समय पहले नहीं था।

130.निम्न में से किस भारतीय राज्य में विधान परिषद है?

A. आंध्र प्रदेश
B. बिहार
C. कर्नाटक
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

विधान परिषद भारत के उन राज्यों में उच्च सदन है, जहां द्विसदनीय विधानमंडल होता है; निम्न सदन राज्य की विधानसभा होती है।

भारत के छह राज्यों - आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में विधान परिषद हैं।

131.निम्नलिखित सूची I का सूची II से मिलान करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें-

सूची- I

a) दल्ली राजहरा

b) कुद्रेमुख

c) अन्नामलाई

d) खासी

सूची- II

1. छत्तीसगढ़

2. तमिलनाडु

3. मेघालय

4. कर्नाटक

A. a-1 b-2, c-3, d-4
B. a-1, b-4, c-2, d-3
C. a-1 b-4, c-2, d-4
D. a-1 b-4, c-1, d-4

Answer ||| B

Solution |||

दल्ली राजहरा- छत्तीसगढ़

कुद्रेमुख- कर्नाटक

अन्नामलाई- तमिलनाडु

खासी- मेघालय

132.निम्न में से कौन सा उष्णकटिबंधीय चक्रवात सुमेलित है?

A. चक्रवात (साइक्लोन)- हिंद महासागर
B. तूफान (हरिकेन)- अटलांटिक महासागर
C. विली विली- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को दुनिया की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है।

वे उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होते हैं और प्रचंड रूप धारण करते हैं।

चक्रवात (साइक्लोन)- हिंद महासागर

तूफान (हरिकेन)- अटलांटिक

टाइफून- पश्चिमी प्रशांत और दक्षिण चीन सागर

विली-विली- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया

133.उस विकल्प का चयन करें जो वायुमंडलीय परतों की सही क्रम व्यवस्था को दर्शाता है: [संकेत- नीचे से ऊपर की ओर]

A. क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, तापमंडल(थर्मोस्फीयर)
B. समतापमंडल, तापमंडल(थर्मोस्फीयर), मध्यमंडल, क्षोभमंडल
C. मध्यमंडल, क्षोभमंडल, समतापमंडल, तापमंडल(थर्मोस्फीयर)
D. समतापमंडल, मध्यमंडल, क्षोभमंडल, तापमंडल(थर्मोस्फीयर)

Answer ||| A

Solution |||

वातावरण तापमान के आधार पर परतों से मिलकर बना होता है। ये परतें क्षोभमंडल, समताप मंडल, मध्यमंडल और तापमंडल हैं। पृथ्वी की सतह से लगभग 500 किमी ऊपर का क्षेत्र बाह्यमंडल कहलाता है।



134.निम्न में से कौन सी एक आग्नेय चट्टान है?

A. ग्रेनाइट
B. बेसाल्ट
C. गैब्रो
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

आग्नेय चट्टानें- ये मैग्मा और लावा से बनती हैं और प्राथमिक चट्टानों के नाम से जानी जाती हैं, ग्रेनाइट, गैब्रो, पेग्मेटाइट, बेसाल्ट आदि कुछ आग्नेय चट्टानों के उदाहरण हैं।

आग्नेय चट्टानें दो प्रकार की होती हैं: अंतर्वेधी चट्टानें (ग्रेनाइट) और बहिर्वेधी चट्टानें (बेसाल्ट-दक्कन उद्भेदन)।

135.उत्तर प्रदेश सरकार की झटपट योजना निम्न में से किससे संबंधित है?

A. बिजली कनेक्शन
B. गंगा की सफाई
C. ग्रामीण बैंकों के एन.पी.ए.
D. सरकारी स्कूलों की अवसंरचना में सुधार

Answer ||| A

Solution |||

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) सहज एवं तत्काल बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक नई योजना शुरू करने की योजना बना रहा है।

'झटपट कनेक्शन योजना' बिजली कनेक्शन की मांग (मुख्य रूप से ऑनलाइन) करने वाले उपभोक्ता द्वारा दिए गए आवेदन पर त्वरित प्रक्रिया का विचार करेगी।

उपभोक्ता अपना आवेदन ऑनलाइन या ई-सुविधा या जन सुविधा केंद्रों पर दर्ज करा सकते हैं।

136.निम्न में से कौन सा राज्य हाल ही में जारी नीति आयोग स्वास्थ्य सूचकांक में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला राज्य है?

A. मध्य प्रदेश
B. केरल
C. उड़ीसा
D. उत्तराखंड

Answer ||| B

Solution |||

नीति आयोग ने हाल ही में राज्य स्वास्थ्य सूचकांक का अपना दूसरा संस्करण जारी किया।

रिपोर्ट 'हेल्दी स्टेस्ट्स, प्रोग्रेशिव इंडिया: रिपोर्ट ऑन रैंक ऑफ स्टेस्ट्स एंड यूटी' में तीन श्रेणियां - बड़े राज्य, छोटे राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में स्थान दिया गया है।

सूचकांक 23 स्वास्थ्य संबंधी संकेतकों के आधार पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को रैंक प्रदान करता है। केरल, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र समग्र प्रदर्शन के मामले में शीर्ष पर रहे|

137.वोट ऑन अकाउंट के विषय में निम्न में से कौन सा विकल्प सही है?

A. यह भारत की संचित निधि से धन निकालने हेतु अनुमोदन है
B. यह संसद के पहले सत्र के दौरान मतदान की औपचारिक प्रक्रिया है
C. यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से संबंधित है
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution |||

वोट ऑन अकाउंट वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक पदग्राही सरकार भारत की संचित निधि से धन निकालने के लिए संसद से मत प्राप्त करती है।

'वोट-ऑन-अकाउंट' केवल सरकार के बजट व्यय से संबंधित है, जबकि 'अंतरिम बजट' में व्यय और प्राप्तियां (आय) दोनों शामिल होते हैं।

138.निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

A. वार्षिक वित्तीय विवरण- अनुच्छेद 112
B. आकस्मिक निधि- अनुच्छेद 300
C. धन विधेयक- अनुच्छेद 110
D. राज्य का बजट- अनुच्छेद 202

Answer ||| B

Solution |||

संविधान के अनुच्छेद 112 में सरकार द्वारा संसद में प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संदर्भ में अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया है।

आकस्मिक निधि- अनुच्छेद 267

विनियोग विधेयक- अनुच्छेद 110

राज्य का बजट- अनुच्छेद 202

139.भारत की संचित निधि से धन निकासी की अनुमति किससे प्राप्त होनी चाहिए

A. भारत के राष्ट्रपति
B. भारत के प्रधानमंत्री
C. भारत की संसद

D. भारत के वित्त मंत्री

Answer ||| C

Solution |||

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 266 (1) के अनुसार, राजकोष बिल, आंतरिक के साथ-साथ बाह्य ऋण जारी करके जुटाए गए राजस्व और ऋण और केंद्र सरकार द्वारा ऋण के पुनर्भुगतान में प्राप्त सभी ऋण एक संचित निधि के लिए अधिकृत होंगे जो केंद्र सरकार के लिए 'भारत की संचित निधि' होगी।

इस निधि से संसद की अनुमति के बिना कोई धन खर्च नहीं किया जा सकता है।

140.निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित है?

A. लोरेंज वक्र- यह समाज में आय वितरण को दर्शाता है
B. लाफर वक्र- यह राज्य अधिकारियों के कर संग्रह और आरोपित कर दरों के बीच के संबंध को दर्शाता है
C. फिलिप्स वक्र- यह मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के बीच के संबंध को दर्शाता है
D. उपरोक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

सभी विकल्प सुमेलित हैं-

लॉरेंज वक्र समाज में आय वितरण का ग्राफ निरूपण है।

यह वर्ष 1905 में मैक्स ओ लॉरेंज द्वारा दिया गया था। इसका उपयोग जनसंख्या में व्याप्त असमानता का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है।

लाफर वक्र राज्य अधिकारियों के कर संग्रह और आरोपित कर दरों के बीच के संबंध को दर्शाता है।

फिलिप्स वक्र- इसके अनुसार, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के बीच एक प्रतिकूल और स्थिर संबंध है। जब एक कम होता है, तो दूसरा बढ़ता है।

141.मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

A. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा, शिक्षा प्राप्ति और जीवन स्तर एच.डी.आई. के मापदंड हैं
B. 2018 के मानव विकास सूचकांक में भारत 130वें स्थान पर है
C. एच.डी.आई. की अवधारणा अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक द्वारा विकसित की गई थी
D. उपर्युक्त सभी

Answer ||| D

Solution |||

मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.), एक व्यापक-
आधारित सूचकांक है जो विभिन्न संकेतकों में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आधार पर अर्थव्यवस्था के विकास का मूल्यांकन करता है। एच.डी.आई. की अवधारणा अर्थशास्त्री महबूब-उल-
हक द्वारा विकसित की गई थी।

• एच.डी.आई. तीन प्रमुख संकेतकों के संदर्भ में अर्थव्यवस्था के विकास की गणना करता है:

1) जीवन प्रत्याशा सूचकांक (एल.ई.आई.)

2) शिक्षा प्राप्ति सूचकांक (ई.ए.आई.)

3) स्टैंडर्ड ऑफ़ लिविंग इंडेक्स (एस.एल.आई.)

2018 मानव विकास सूचकांक में भारत 130वें स्थान पर है।

142.वित्त आयोग के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. वित्त मंत्री, वित्त आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है।
B. वित्त आयोग की सिफारिशें केवल परामर्शीय प्रकृति की होती हैं और बाध्यकारी नहीं होती हैं

C. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत वित्त आयोग का गठन किया गया है
D. भारत का राष्ट्रपति प्रत्येक पांच वर्ष में एक वित्त आयोग नियुक्त करता है।

Answer ||| A

Solution |||

संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत, राष्ट्रपति प्रत्येक पांच वर्ष में एक वित्त आयोग की नियुक्ति करता है। यह एक संवैधानिक निकाय है। हालांकि, इसकी सिफारिशों को पुरस्कार कहा जाता है, ये केवल परामर्शीय प्रकृति की होती हैं और यह केंद्र और राज्य सरकारों पर बाध्यकारी नहीं होती हैं। 73वें और 74वें संशोधनों के बाद, स्थानीय निकायों के संसाधनों के पूरक के लिए कदमों की सिफारिश करने के लिए वित्त आयोगों की आवश्यकता होती है।

• नवीनतम वित्त आयोग की स्थापना 27 नवंबर,
2017 को एन. के. सिंह की अध्यक्षता में की गई थी। यह 15वां वित्त आयोग है।

143.विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. डब्ल्यू.टी.ओ., शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते का एक उत्तराधिकारी निकाय है
B. यह राष्ट्रों के बीच व्यापार के वैश्विक नियमों से संबंधित है
C. डब्ल्यू.टी.ओ. आधिकारिक रूप से 1 जनवरी,
1995 को मराकेश समझौते के अंतर्गत शुरू हुआ था।
D. डब्ल्यू.टी.ओ. का मुख्यालय बर्न में स्थित है।

Answer ||| D

Solution |||

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.), एकमात्र वैश्विक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो राष्ट्रों के बीच व्यापार के नियमों से संबंधित है। यह व्यापार शुरू करने हेतु एक संगठन है। यह सरकारों के लिए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने हेतु एक मंच है। यह व्यापार विवादों को निपटाने के लिए उन के लिए एक स्थान है।

• डब्ल्यू.टी.ओ. आधिकारिक रूप से 1 जनवरी,
1995 को मारकेश समझौते के अंतर्गत शुरू किया था। 15 अप्रैल,
1994 को 123 देशों द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते ने शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (जी.ए.टी.टी.) को प्रतिस्थापित किया था, जिसे 1948 में शुरू किया गया था।

• विश्व व्यापार संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विनियमित करने वाले समझौतों की एक प्रणाली स्थापित की है। इसकी प्रमुख संधियाँ उत्पादों में व्यापार से निपटने हेतु शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते (जी.ए.टी.टी.), सेवा में व्यापार पर सामान्य समझौता (जी.ए.टी.एस.) और बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार संबंधित पहलुओं पर समझौता (TRIPS) हैं।

• विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित है।

144.निम्न में से किस संगठन ने विश्व निवेश रिपोर्ट 2019 जारी की थी?

A. विश्व बैंक
B. आई.एम.एफ.
C. यू.एन.सी.टी.ए.डी.
D. एशियाई विकास बैंक

Answer ||| C

Solution |||

विश्व निवेश रिपोर्ट 2019, यू.एन.सी.टी.ए.डी. द्वारा जारी की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2019 के अनुसार, भारत को वर्ष 2018 में 42 बिलियन अमरीकी डालर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ था। भारत ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र में आने वाले कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का 77% से अधिक आकर्षित किया था।

145.ढींग एक्सप्रेस के नाम से किसे जाना जाता है?

A. हिमा दास
B. दीपा मलिक
C. साक्षी सिंह
D. मिथाली राज

Answer ||| A

Solution ||| हिमा दास (जन्म 9 जनवरी 2000), जिन्हें ढिंग एक्सप्रेस के नाम से भी जाना जाता है| असम राज्य से एक भारतीय स्प्रिंट धावक है। ढिंग असम राज्य में नागांव जिले का एक शहर है; यही कारण है कि उन्हें "ढिंग एक्सप्रेस" कहा जाता है

146.देश सामान्यत: अपने व्यापारिक साझेदारों के बीच भेदभाव नहीं कर सकते हैं यदि वे किसी को एक विशेष दर्जा (जैसे उनके उत्पादों में से एक के लिए कम सीमा शुल्क दर) प्रदान करते हैं तो आपको अन्य सभी डब्ल्यू.टी.ओ. सदस्यों के लिए भी ऐसा ही करना होगा, इस नियम को कहा जाता है?

A. राष्ट्रीय उपचार सिद्धांत
B. व्यापार नीति समीक्षा प्रणाली
C. बहुपक्षीय व्यापारिक प्रणाली
D. मोस्ट फेवर्ड नेशन

Answer ||| D

Solution |||

विश्व व्यापार संगठन के समझौतों के अंतर्गत, देश सामान्यत: अपने व्यापारिक भागीदारों के बीच भेदभाव नहीं कर सकते हैं। यदि वे किसी को एक विशेष दर्जा (जैसे उनके उत्पादों में से एक के लिए कम सीमा शुल्क दर) प्रदान करते हैं तो आपको अन्य सभी डब्ल्यू.टी.ओ. सदस्यों के लिए भी ऐसा ही करना होगा। इस सिद्धांत को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एम.एफ.एन.) उपचार के रूप में जा ना जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि यह शुल्क एवं व्यापार (GATT) पर सामान्य समझौते का पहला अनुच्छेद है, जो उत्पादों में व्यापार को नियंत्रित करता है।

• कुछ अपवादों की अनुमति है। उदाहरण के लिए, देश एक मुक्त व्यापार समझौता कर सकते हैं जो समूह के भीतर केवल उत्पाद के व्यापार पर लागू होता है जो बाहर के उत्पाद के खिलाफ भेदभाव से संबंधित है या वे विकासशील देशों को अपने बाजारों तक विशेष पहुंच प्रदान कर सकते हैं या एक देश उन उत्पादों के खिलाफ अवरोधों को बढ़ा सकता है जिन्हें विशिष्ट देशों से गलत तरीके से व्यापार करने के लिए माना जा रहा है और सेवाओं में देशों को सीमित परिस्थितियों में भेदभाव करने की अनुमति प्राप्त है। लेकिन समझौते केवल इन अपवादों को सख्त शर्तों के अंतर्गत अनुमति प्रदान करते हैं।

• सामान्य तौर पर, एम.एफ.एन. का मतलब है कि हर बार जब कोई देश किसी व्यापार अवरोध को कम करता है या एक बाजार खोलता है तो उसे अपने सभी व्यापारिक भागीदारों से समान वस्तुओं या सेवाओं के लिए ऐसा करना पड़ता है- चाहे वह अमीर हो या गरीब, कमजोर हो या मजबूत हो।

147.निम्न में से कौन सा प्रत्यक्ष कर नहीं है?

A. आयकर
B. संपत्ति कर
C. पूंजीगत लाभ कर
D. जी.एस.टी.

Answer ||| D

Solution |||

प्रत्यक्ष कर, एक प्रकार का कर हैं जिसका किसी व्यक्ति द्वारा प्रत्यक्ष या सीधे तौर पर सरकार को भुगतान किया जाता है, जैसे- आयकर, व्यक्ति कर, भूमि कर और व्यक्तिगत संपत्ति कर, पूंजीगत लाभ कर आदि हैं। जी.एस.टी. एक अप्रत्यक्ष कर है।

केंद्रीय बजट 2019-
20 के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में प्रत्यक्ष कर राजस्व 78% से अधिक बढ़कर 11.37 लाख करोड़ रु हो गया है।

•
400 करोड़ रुपये तक के वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों के लिए कर की दर 25% तक कम कर दी गई है।

•
2 करोड़ से 5 करोड़ तक और 5 करोड़ से अधिक की आय वाले कर योग्य आय व्यक्तियों पर सर चार्ज में वृद्धि की गई है।

• कर का भुगतान, करने की श्रेणी के अंतर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में भारत का स्थान 2017 में 172वें स्थान से 2019 में 121वें स्थान पर पहुँच गया है।

• तकनीकि का लाभ लेकर कर सरलीकरण और जीवनयापन में आसानी के अनुपालन को आसान बनाया गया है:

• PAN पैन और आधार की विनिमेयता

• तेज और अधिक सटीक कर रिटर्न हेतु आयकर रिटर्न को पहले से भरना

• फेसलेस ई-मूल्यांकन

148.आर्थिक सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार, समग्र बेरोजगारी दर कितनी है?

A. 6.1%
B. 5.3%
C. 7.8%
D. 5.8%

Answer ||| A

Solution |||

ग्रामीण क्षेत्रों में 5.3% और शहरी क्षेत्रों में 7.8% के साथ बेरोजगारी की समग्र दर को 6.1 प्रति शत मापा गया है। हालांकि बेरोजगारी मापने हेतु वर्तमान साप्ताहिक दृष्टिकोण की स्थिति कुल मिलाकर 8.9% (ग्रामीण क्षेत्रों में 8.5% और शहरी क्षेत्रों में 9.6%) है।

• पिछले पांच वर्षों (2014-
19) में भारत की वास्तविक जी.डी.पी. वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत की औसत वृद्धि के साथ अधिक रही है। वर्ष 2018-
19 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जिससे पिछले वर्ष की तुल ना में वृद्धि में कुछ कमी आई है।

149.निम्न में से किस अर्थशास्त्री ने अर्थशास्त्र में माइक्रो और मैक्रो शब्द गढ़े है?

A. सैमुएलसन
B. एडम स्मिथ
C. रगनार फ्रिस्च
D. अल्फ्रेड मार्शल

Answer ||| C

Solution |||

1930 से पहले, केवल एक 'अर्थशास्त्र' था। रैगनर फ्रिस्च ने 1933 में आर्थिक सिद्धांत की दो शाखाओं अर्थात् माइक्रोइकोनॉमिक्स और मैक्रोइकॉनॉमिक्स को दर्शाने के लिए 'माइक्रो' और 'मैक्रो ' शब्दों को गढ़ा था।

•
'माइक्रो' शब्द ग्रीक शब्द मिक्रोस से लिया गया है जिसका अर्थ छोटा होता है। माइक्रोइकॉनॉमिक्स , समाज के छोटे वर्गों से संबंधित है। माइक्रोइकॉनॉमिक्स को व्यक्तिगत निर्णय लेने वाली इकाइ यों जैसे उपभोक्ता, संसाधन मालिक और फर्म के व्यवहार के अध्ययन के रूप में परिभाषित किया गया है। इसे मूल्य सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है क्यों कि इसकी प्रमुख विषय-
वस्तु, वस्तुओं और कारकों की कीमत के निर्धारण से संबंधित है।

• माइक्रोइकोनॉमिक्स, आर्थिक सिद्धांत का वह हिस्सा है जो एक अर्थव्यवस्था की व्यक्तिगत इ काइयों के व्यवहार का अध्ययन करता है।

• इसका उद्देश्य किसी वस्तु या उत्पादन के कारकों का मूल्य निर्धारित करना है।

150.केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी.बी.डी.टी.) की उस टास्क फोर्स के संयोजक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है जो नए प्रत्यक्ष कर कानून (कानून) का मसौदा तैयार कर रही है?

A. अरबिंद मोदी
B. भास्कर रामामूर्ति
C. अखिलेश रंजन
D. इनजेती श्रीनिवास

Answer ||| C

Solution |||

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सी.बी.डी.टी.) के सदस्य अखिलेश रंजन को उस टास्क फोर्स के संयोजक के रूप में नियुक्त किया है जो नए प्रत्यक्ष कर कानून (कानून) का मसौदा तैयार कर रही है। वह अरबिंद मोदी की जगह लेंगे। टास्क फोर्स के अन्य सदस्य (संरचना) अपरिवर्तित रहेंगे। अखिलेश रंजन, वर्तमान में सी.बी.डी.टी. के सदस्य (विधान) के रूप में कार्य कर रहे हैं।

• आयकर अधिनियम,
1961 की समीक्षा करने और देश की आर्थिक जरूरतों के अनुरूप नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने के लिए नवंबर,
2017 को टास्क फोर्स का गठन किया गया था। उस समय, अरविंद मोदी को टास्क फोर्स के संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया था, वह उस समय सी.बी.डी.टी. के सदस्य (विधान) थे।

• टास्क फोर्स को विभिन्न देशों में प्रचलित प्रत्यक्ष कर प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और देश की आर्थिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने के लिए अनिवार्य किया गया है। यह टास्क फोर्स 28 फरवरी,
2019 तक अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। इसने अपने काम को विनियमित करने हेतु अपनी प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं।

gradeup

UPPSC 2019
Test Series

1. Based on the Latest Exam Pattern
2. All India Rank & Performance Analysis
3. Detailed Explanation of Solutions
4. Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co